जीबीसी 19 को, उद्घाटन करेंगे प्रधानमंत्री

- 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं के शिलान्यास की तैयारी
- देश के दिग्गज उद्योगपति भी होंगे सरकार के मेगा शो में शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्राप्त हुए निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) 19 फरवरी को राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होगी। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के मुख्य अतिथि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी होंगे। इसके माध्यम से 10 लाख करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं का शिलान्यास कराने की तैयारी है। राज्य सरकार के इस मेगा शो में देश के दिग्गज उद्योगपति भी शामिल होंगे। इस अवसर पर औद्योगिक उत्पादों की तीन दिवसीय प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री करेंगे।

देश-विदेश से निवेश आकर्षित करने के लिए योगी सरकार ने पिछले वर्ष 10 से 12 फरवरी तक राजधानी में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का आयोजन किया था। समिट के माध्यम से राज्य सरकार को अब तक 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। इनमें से 10 लाख करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से जमीन पर उतारने की तैयारी में राज्य सरकार जुटी है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। इसकी निगरानी के लिए इन्वेस्ट यूपी ने अपना शिविर कार्यालय भी यहां स्थापित कर दिया है।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से प्राप्त निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारने की कोशिशों में जुटी सरकार जिलावार प्रदर्शन का आकलन कर रही है। इस क्रम में छह जिलों का प्रदर्शन बेहतर पाया गया है। चंदौली, हरदोई, अमेठी, बरेली, गोंडा और फतेहपुर ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमरी (जीबीसी) के लिए तय लक्ष्य की शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर ली है। इन जिलों में 67,476 करोड़ के निवेश प्रस्ताव जमीन पर उतरने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

नरेन्द्र मोदी (फाइल फोटो)

योगी आदित्यनाथ (फाइल फोटो)

रामलला के दर्शन के लिए 11 को अयोध्या जाएंगे विधायक

राब्यू, लखनऊ : विधानसभा के सदस्य 11 फरवरी को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अगुआई में रामलला के दर्शन करने के लिए अयोध्या जाएंगे। मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष ने सदन में बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के सदस्यों को रामलला के दर्शन कराने के लिए अयोध्या ले जाने का दायित्व उन्हें सौंपा था। इसी कड़ी में उन्होंने सभी विधायकों को 11 फरवरी को बसों के जरिये अयोध्या ले जाने की व्यवस्था की है। उन्होंने सभी विधायकों से अनुरोध किया कि वे 11 फरवरी को सुबह आठ बजे विधान भवन में एकत्र हो जाएं। सभी विधायक बसों में बैठकर अयोध्या जाएंगे। महाना ने कहा कि वह खुद भी बस में बैठकर अयोध्या जाएंगे। कोशिश होगी कि विधायकों का दल सुबह 11.30 बजे तक अयोध्या पहुंच जाए। अयोध्या पहुंचकर सभी विधायक पहले हनुमानगढ़ी के दर्शन करेंगे और इसके बाद दोपहर 12.30 से दो बजे तक रामलला के दर्शन करेंगे। भोजन कर विधायक तीन बजे लखनऊ वापसी करेंगे। महाना ने कहा कि यदि सभी विधायक रामलला के दर्शन करने जाएंगे तो इसका संदेश जाएगा। मुख्यमंत्री की ओर से सभी विधायकों को यह निमंत्रण है। हालांकि यह बाध्यकारी नहीं है।